लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **चेतन देवड़ा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/24/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 25.02.2020

श्री लक्ष्मी लाल खटीक पिता स्व. उदय लाल खटीक निवासी मण्डफिया

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

दिनांक **18.03.2020**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 22.01.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 24/2020/(17.03)/184 दिनांक 26.02.2020 से लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 17.03.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 17.03.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 12.03.2020 (कार्यालय में प्राप्ति दिनांक 13.03.2020) से अपना पक्ष रखा कि उसे आदिनांक (12.03.2020) तक भी उसके द्वारा वांछित सूचनाऐं प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रार्थना पत्र दिनांक 22.01.2020 अनुसार पूर्ण सूचनाऐं दिलाने का आदेश प्रदान करावें।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 82 दिनांक 12.03.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

1. यह कि प्रार्थी श्री लक्ष्मी लाल पिता उदय लाल खटीक निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 22.01.2020 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उक्त संदर्भित पत्रांक के साथ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रार्थना पत्र के समस्त तथ्य उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भदेसर जिला चित्तौड़गढ़ से संबंधित होने से प्रार्थी प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भदेसर को इस कार्यालय पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 2414 दिनांक 05.03.2020 से सूचना प्रस्तुत करने हेतु भिजवाया गया है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह कि प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भदेसर से आगामी 15 दिवस में प्राप्त कर प्रार्थी को उपलब्ध करा दी जावेगी।

अतः अपील पर जवाब स्वीकार कर अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 82 दिनांक 12.03.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाऐं चाहने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 22.01.2020, दिनांक 23.01.2020 को रजिस्टर्ड ड़ाक से लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के कार्यालय में प्रेषित किया गया है जिससे लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन),

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 24 / 2020 (सू.अ.)
श्री लक्ष्मी लाल खटीक निवासी मण्डफिया बनाम लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ का कथन की, उक्त आवेदन पत्र दिनांक 22.01.2020 उनके कार्यालय में प्राप्त नहीं होकर इस अपील मेमों के साथ प्राप्त हुआ है मानने योग्य नहीं है।

अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है तथा लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु 15 दिवस का अतिरिक्त समय चाहा है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(चेतन देवड़ा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 24 / 2020(सू.अ.) / 292 दिनांकः– 18 / 03 / 2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (निर्वाचन) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री लक्ष्मी लाल खटीक पिता स्व. उदय लाल खटीक निवासी मण्डफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)